प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
प्रथम मण्डल, मेरठ।

सेवा में,

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र–2 समुदाय, प्रीत विहार,
नई दिल्ली।

पत्रांक / एन0ओ0सी0 / /2023–24 दिनांक : 20/06/23

विषय :– विश्व भारती पब्लिक स्कूल, सामने क्रांसिग रिपब्लिक, एन0एच0–24, गाजियाबाद को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्वता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रकरण के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रधानाचार्या, विश्व भारती पब्लिक स्कूल, सामने क्रांसिग रिपब्लिक, एन0एच0–24, गाजियाबाद के पत्र दिनांक 19–06–2023 के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त संस्था द्वारा सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने सम्बन्धी प्रकरण में जिलाधिकारी, गाजियाबाद के पत्र दिनांक 10–06–2022 के द्वारा भू–सत्यापन आख्या प्राप्त हुई है। संस्था को संचालित करने वाली मातृ संस्था / सोसायटी में विभागीय प्रतिबन्धों का समावेश न किये जाने के कारण संस्था को इस कार्यालय के पत्रांक / एन0ओ0सी0 / 6826–29 / 2021, मेरठ दिनांक 08–03–2022 (छायाप्रति संलग्न) एवं स्मरण पत्र दिनांक 05–06–2023 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा उक्त आपत्ति का निराकरण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। इस सम्बन्ध में संस्था ने अपने पत्र दिनांक 19–06–2023 के द्वारा अवगत कराया है कि सोसायटी में विभागीय प्रतिबन्धों का समावेश कराकर शीध्र ही इस कार्यालय को उपलब्ध करा दिया जायेगा। उक्त पत्रजात प्राप्त होने पर प्रकरण मण्डलीय समिति में विचार हेतु प्रस्तुत किया जायेगा। उक्त प्रकरण इस कार्यालय में गतिमान है।

संलग्नकः– उक्तवत्।

भवदीय

(ओंकार शुक्ल)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
प्रथम मण्डल, मेरठ।

पृष्ठांकन संख्या / एन0ओ0सी / 3004-05 /2023–24 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि प्रबन्धक / प्रधानाचार्य, विश्व भारती पब्लिक स्कूल, सामने क्रांसिग रिपब्लिक, एन0एच0–24, गाजियाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

20/06/23

(ओंकार शुक्ल)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
प्रथम मण्डल, मेरठ।

20/06/23

G:\NOC\REG COM\(3) PRO NOC LTR.doc/108